
**प्रकाश चन्द्र उपाध्याय**

**रा0उ0मा0वि0 खूनाबोरा(चम्पावत)**

**E mail- upadhyayprakash88@gmail.com**



Project Guide-

Title- वर्डवाल एप्लिकेशन के माध्यम से इंटरएक्टिव लर्निंग गेम्स तैयार करना

Problem Statement- वर्तमान शिक्षा पद्धति छात्र केन्द्रित है। किसी भी विषय को समझने के लिए छात्रों द्वारा पूर्ण मनोयोग से एक्टिव पार्टिसिपेशन अत्यावश्यक है, तभी छात्र विषय के संबोध को गहराई से समझ सकता है और उसका ज्ञान स्थाई हो सकता है। मानविकी विषयों में वर्तमान समय में ऐसी गतिविधियों की अत्यधिक आवश्यकता है, जिससे बच्चे रूचिपूर्वक प्रतिभाग कर सकें। इतिहास आदि विषयों के शिक्षण में गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति को अपनाना अत्यावश्यक है।

Proposed Solution- विषय की जटिलता तथा बोझिलता को दूर करने के लिए किसी भी विषय में वर्डवाल जैसे एप्लिकेशन के माध्यम से बहुत ही रूचिकर एवं इंटरएक्टिव क्विज तथा गेम्स जनरेट किए जा सकते हैं। वर्डवाल एप्लिकेशन में बहुत ही आसान तरीके से मजेदान और आकर्षक गेम्स बनाए जा सकते हैं। वर्डवाल एप्लिकेशन में तैयार किए गए गेम्स और क्विज आदि बहुत ही रोचक और इंटरएक्टिव होती हैं, जिनमें बच्चे बड़ी ही रुचि लेकर प्रतिभाग करते हैं। वर्डवाल एप्लिकेशन में विभिन्न प्रकार के गेम्स का लेआउट पहले से तैयार रहता है, जिस ले आउट मे ंहम अपने प्रश्नों को लिखकर अपडेट कर सकते हैं और तैयार गेम को आसानी से अपने बच्चों तक शेयर कर सकते हैं।

Tools/Technology Used- Wordwall application में गेम्स, क्विज, मैच अप, स्पिन द ह्वील आदि फीचर्स के माध्यम से सर्वप्रथम अपने विषय से संबंधित प्रश्नों को पहले से रेडी ले आउट में टाइप करना है तथा उसके उपरांत हम उसे सेव करने के उपरांत पब्लिकली शेयर करते हैं।

वर्डवाल एप्लिकेशन में विभिन्न प्रकार टेम्पलेट पहले से तैयार होते हैं, जिनमें केवल हमें प्रश्नों को टाइप करना होता है। विभिन्न प्रकार के टैम्पलेट निम्नवत हैं–


1. मैच अप
2. क्विज
3. फ्लैश कार्ड्स
4. स्पिन द ह्वील
5. स्पिीकिंग कार्ड्स
6. ग्रुप सॉर्ट
7. फाइन्ड द मैच
8. कम्पलीट द सेन्टेन्स
9. एनाग्राम
10. अनजंबल
11. ओपेन द बॉक्स
12. मैचिंग पेयर्स

Step-by-step Plan- वर्डवाल एप्लिकेशन में विभिन्न टेम्पलेट्स में से हम स्पिन द ह्वील क्विज बनाने के लिए चरणवार निम्नलिखित प्रक्रिया को अपनाएंगे–

Step 1- सर्वप्रथम Wordwall एप्लिकेशन को डाउनलोड किया जाएगा।


Step 2- उक्त एप्लिकेशन में सर्वप्रथम Sign Up किया जाएगा।

Step 3- इसके उपरांत अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड डालने के बाद लॉगिन किया जाएगा।





Step 4- एप्लिकेशन में विभिन्न प्रकार के अत्यधिक उपयोगी टेम्पलेट पहले से बने हुए हैं।


Step 5- इसके उपरांत Creat activity में क्लिक करें।





Step 6- पिक ए टेम्पलेट में से स्पिन द हवील नामक टेम्पलेट में क्लिक करें।




Step 7- इसके उपरांत सर्वप्रथम एक्टिविटी टाइटल में अपनी एक्टिविटी से संबंधित टाइटल लिखेंगे।




Step 8- टाइटल देने के बाद सिम्पल हवील या हवील विध क्वेश्चन्स को अपनी आवश्यकता के अनुसार क्लिक करेंगे।




Step 9- इसके उपरांत हवील विध क्वेश्चन्स में क्लिक कर अपने विषय के अनुरूप प्रश्नों को टाइप करें।

Step 10- अपनी आवश्यकता के अनुसार उत्तर विकल्पों को लिखें।

Step 11- उत्तर विकल्पों में आप चार या उससे अधिक विकल्पों को भी चयनित कर सकते हैं।

Step 12- तीन प्रश्नों के विकल्प आपको पहले से प्राप्त होते हैं। यदि आपको अधिक प्रश्न एड करने हैं तो आप एड एन आइटम में क्लिक करें। आप एक गेम में 50 प्रश्न तैयार कर सकते हैं।

Step 13- अंत में आप Done में क्लिक करें।

Step 14- इसके उपरांत तैयार गेम को आप छात्रों तक शेयर कर सकते हैं।

Learning Outcomes- 1. विभिन्न प्रकार की इंटरएक्टिव क्विज तैयार की जाती हैं।

2. अत्यंत आकर्षक, रुचिकर एवं इंटरएक्टिव गेम्स तैयार किए जाते हैं।

3. कठिन संबोधों को आसान तरीके से प्रस्तुत किया जाता है।

Link to Hackathon Theme/SDGs- *Digital tools for education.*

Video Tutorial- Video Link https://youtu.be/ufgwkIB-26k